http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 08

प्रयागराज रविवार 22 सितम्बर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रूपया

### राहुल गांधी के बयान पर बोले अमित शाह

# जब तक बीजेपी है तब तक आरक्षण को कोई छू नहीं सकता



राजौरी, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर के राजौरी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर बड़ा वार किया है। उन्होंने कहा कि सालों तक जो लोग यहां सत्ता में आए, उन्होंने आतंकवाद फैलाया और आपके अधिकार छीन लिए।श उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर बयान दिया कि हम भारत में आरक्षण खत्म कर देंगे। उनकी पार्टी हमेशा आरक्षण के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि मैं साफ कर देना चाहता हूं कि जब तक बीजेपी है तब तक आरक्षण को कोई छू नहीं सकता। जल्द ही आपको अपने बच्चों को ट्रेन दिखाने के लिए जम्मू नहीं ले जाना पड़ेगा। पुंछ और राजौरी के लिए जल्द ही ट्रेनें आएंगी। आप जल्द ही यहां से सीधे दिल्ली आ सकेंगे। शाह ने कहा कि ये पहला चुनाव है, जो अनुच्छेद–370 हटने के बाद हो रहा है। ये पहला चुनाव है, जो दलितों, पिछड़ों, गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण मिलने के बाद हो रहा है। ये ऐतिहासिक चुनाव है। उन्होंने कहा कि मैं पूरे राजौरी का मूड देख कर आया हूं, इस बार कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का सूपड़ा साफ होने वाला है। पहले चरण का जो मतदान प्रतिशत है, वो बताता है कि लोकतंत्र विजयी होने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने वर्षों तक यहां के लोगों का अधिकार छीना, उन्हें लोकतंत्र से दूर रखा। ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला पंचायत का चुनाव होने नहीं दिया। तीनों परिवार यहां अपना राज चलाते रहे। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी आए और इनके सपने चूर चूर हो गए। सरपंच, ब्लॉक, जिला... को मिलाकर 30 हजार युवा आज लोकतंत्र के लाभार्थी बने हैं। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के प्रत्याशी यहां लोगों को डराते हैं कि मतगणना के बाद हिसाब होगा। राजौरी वालों डरना मत... हिसाब होगा तो डराने वालों का होगा। उन्होंने कहा राहुल गांधी अमेरिका जाकर कहते हैं, शहम देश से आरक्षण को खत्म कर देंगेश। अरे राहुल बाबा, आपकी पार्टी तो पहले से ही आरक्षण की विरोधी है, जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और एनसी के कुशासन में पीढ़ियों को कष्ट सहना पड़ा। एक तरफ, मोदी जी क्षेत्र में शांति लाए। दूसरी ओर, फारूक अब्दुल्ला ने पहाड़ों में आतंकवाद को लेकर चेतावनी दी है। फारूक जी, मैं आपको चुनौती देता हूं, चाहे कुछ भी हो, हम आपके गलत इरादों और आतंकवाद का असर जम्मू–कश्मीर पर नहीं पड़ने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि पहाड़ी, गुर्जर बकरवाल को सिर्फ नौकरी में ही आरक्षण नहीं देना है, बल्कि प्रमोशन में भी आरक्षण देना है। ये आपका अधिकार है।

## आतिशी ने संभाली दिल्ली की बागडोर

**● सबसे कम उम्र की महिला मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ**



नई दिल्ली। दिल्ली की राजनीति में एक नया अध्याय जुड़ गया जब आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने शनिवार, 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज निवास में आयोजित इस सादे समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आतिशी को शपथ दिलाई। आतिशी अब दिल्ली की तीसरी और सबसे कम उम्र की महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं।

कई वरिष्ठ नेता भी बने मंत्री

आतिशी के साथ आप के वरिष्ठ नेता और विधायक गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने भी मंत्री पद की शपथ ली। खास बात यह रही कि सुल्तानपुर माजरा से विधायक मुकेश अहलावत पहली बार दिल्ली सरकार में मंत्री बने हैं। जबकि गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन पहले भी अरविंद केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

अरविंद केजरीवाल ने दिया था इस्तीफा

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को आबकारी नीति से जुड़े मामले में तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया था। इसके बाद आतिशी ने एलजी को सरकार बनाने का दावा पेश किया और शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू हुईं।

केजरीवाल से की मुलाकात

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले आतिशी अपने प्रस्तावित मंत्रिमंडल के साथ अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचीं। इस मुलाकात के बाद सभी नेता पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के साथ राजनिवास के लिए रवाना हुए, जहां आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। आतिशी की कैबिनेट में पूर्व के सभी मंत्रियों को फिर से मौका दिया गया है, साथ ही आरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मुकेश अहलावत को भी शामिल किया गया है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में आतिशी के सामने कई चुनौतियां और जिम्मेदारियां हैं। जनता के विकास कार्यों को गति देना और सरकार की नीतियों को सफलतापूर्वक लागू करना उनके लिए प्रमुख कार्य होंगे।

## आजम खान को किनारे लगाने के लिये अखिलेश ने रची थी साजिशः राजभर



लखनऊ, एजेंसी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश पर आजम खान को लेकर बड़ा हमला बोला है। आजम खान के गृह जनपद रामपुर में सरकारी दौरे पर पहुंचे राजभर ने खुलासा किया कि जब हम सपा के साथ थे, तब आजम खां से मिलने सीतापुर जेल जा रहे थे, लेकिन अखिलेश यादव ने रोक दिया। हमसे कहा कि आप वहां मत जाइए, हम उनको किनारे लगा रहे हैं और आप उनको बढ़ाने जा रहे हैं। राजभर गत दिवस रामपुर आए थे। उन्होंने यहां कई विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से भी बात की। सपा नेता आजम खां को लेकर बोले, आज वह जेल में बंद है। इसके लिए समाजवादी पार्टी जिम्मेदार है। अखिलेश यादव उन्हें पहले से ही किनारे करना चाहते हैं। अखिलेश ने मुसलमानों का वोट तो लिया, लेकिन उनका साथ नहीं दिया। कभी उनके लिए कोई भर्ती नहीं की गई, जबकि सपा की चार–चार बार सरकार रही। सपा ने आजम खान को कभी उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया। उस समय मैं अखिलेश यादव के साथ था उन्हें तो गुलाम नेता चाहिए जो गूंगा–बहरा हो बोले न बस हां में हां करे, आजम खान के मामले में समाजवादी पार्टी दोषी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिस मामले में वह जेल में हैं उस मामले में समाजवादी पार्टी ने उन्हें फंसाया है। अगर सपा ने कानून के दायरे में होकर काम करती को आज वह जेल में नहीं होता। सपा ने आजम खान के साथ 100 प्रतिशत पक्षपात किया। अखिलेश यादव वोट के लिए मुस्लिमों को गुमराह करते हैं उन्हें वोट के लिए इस्तेमाल करते हैं और बीजेपी के खिलाफ भड़काते हैं। उन्होंने आजम परिवार के कोर्ट से 10 हजार हर्जाने के लिए समय मांगने के सवाल पर कहा पहले पहले तूती बोलती थी, वह राजा थे लेकिन अब वो बात नहीं रही है।

# भाजपा–आरएसएस के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी कांग्रेस

**● राहुल गांधी के खिलाफ हुई अपमानजनक टिप्पणियां : खड़गे**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू–कश्मीर में भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और आरएसएस ने राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की है और कांग्रेस इस जहरीली मानसिकता के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राजनीति से हटाने के लिए जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन जरूरी था। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण का पूरा समर्थन करती है और समर्थन करती रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जम्मू कश्मीर में 'शांति, विकास' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आतंकवाद की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह प्रचार के समय बड़ी–बड़ी बाते करते हैं, बाद में कह देते हैं कि ये तो चुनावी जुमले थे। भाजपा कह रही है कि 5 लाख नौकरी देंगे। ऐसे में सवाल है कि आप तो सरकार में हैं, तो फिर नौकरी क्यों नहीं दी। लेकिन कांग्रेस जो कहती है, वो करती है.. इसलिए हम 1 लाख पदों पर भर्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर में 35: बेरोजगारी है और 65: सरकारी पद यहां खाली हैं। भाजपा के पास बहुत समय था, उनके एलजी के पास पॉवर भी थीं, लेकिन उन्होंने खाली पद नहीं भरे। पहले यहां लोगों को 11 किलो अनाज मिलता था, भाजपा ने उसे काट करके 5 किलो कर दिया। कांग्रेस सरकार में आते ही खाली पदों को भरेगी और 11 किलो राशन देगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह हमेशा जुमले बनाते हैं और उन्हीं पर वोट मांगते हैं। उन्होंने दावा किया कि हमने मनरेगा योजना शुरू की, देश के किसानों की कर्जमाफी की, जनता के लिए फूड सिक्योरिटी एक्ट लाए, बेहतर शिक्षा के अवसर बनाए, गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश और जनता के लिए काम करती आई है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने सात गारंटियों की घोषणा की है। इसमें हमारा पहला मुद्दा जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने का है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का 25 लाख का बीमा देंगे। हर जिले में अस्पताल, परिवार की मुखिया महिला को हर महीने 3000 रुपए दिए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह को बिना ब्याज के लोन देंगे। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की व्यवस्था लागू करेंगे। पिछड़े वर्ग को पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका कोई एजेंडा नहीं है। बीजेपी और आरएसएस के नेता हमेशा कांग्रेस नेताओं की जीभ काटने की बात करते हैं। बीजेपी के विधायकों और सांसदों ने कहा 'आपका भी वही हाल होगा जो आपकी दादी का हुआ है'। उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? राहुल गांधी को भी आतंकवादी कहा गया। कांग्रेस पार्टी नहीं डरेगी।

## एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह नए वायु सेवा प्रमुख नियुक्त



नयी दिल्ली, एजेंसी। वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्हें 30 सितंबर से वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें मौजूदा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंप गई है। एयर चीफ मार्शल चौधरी 30 सितंबर को सेवानिवृत होंगे। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना के फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ में काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र, वायु अधिकारी एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के स्थिर और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है। एक परीक्षण पायलट के रूप में, उन्होंने मॉस्को, रूस में मिग–29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। वह राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक (उड़ान परीक्षण) भी रहे हैं और उन्हें हल्के लड़ाकू विमान, तेजस के उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी की महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। वायु सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले, वह मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ थे।

### राजनाथ सिंह ने झारखंड में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की, बोले–

# हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने वक्त आ गया है



चतरा, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड में हैं। झारखंड के चतरा में उन्होंने भाजपा के परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है। विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की राह में तीन रोड़े हैं – झामुमो, कांग्रेस और राजद। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते। मैं रक्षा मंत्री हूं और मैं देखता हूं कि हमारे झारखंड के भाई–बहन, हमारे आदिवासी भाई–बहन सुरक्षा बलों में हैं। वे अत्यंत साहस के साथ देश की सेवा कर रहे हैं।

झारखंड में विकास की काफी संभावनाएं हैं। भाजपा नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास राज्य के सीएम रहे, लेकिन उन्हें झारखंड के विकास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला।

## बरेली में हिंदू नाम रखकर लव जिहाद चला रहे मुस्लिम युवकों पर पुलिस का शिकंजा

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के कर्मचारी नगर में कुछ हिंदूवादी संगठनों ने दो ऐसे लड़कों को पुलिस के हवाले किया है जो हिंदू नाम और पहचान पत्र के सहारे लव जिहाद चला रहे थे। इन युवकों के सम्पर्क में कई और मुस्लिम लड़के भी थे जो हिंदू नाम से सोशल मीडिया, इंस्ट्राग्राम आदि पर सक्रिय थे और लड़कियों को फंसाने और उनका धर्म परिर्वतन कराने की साजिश रचते थे। युवतियों को परेशान करते पकड़े गए शोहदों से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राहुल बताया था, हकीकत में वह नौशाद जमाली निकला। दूसरे युवक ने अपना नाम विक्की बताया था, वह अमान निकला। दोनों के पास से कई फर्जी आधार कार्ड मिले हैं। मोबाइल फोन की जांच में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर दोनों की अलग–अलग नाम से आठ–दस आईडी हैं। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने विशाल श्रीवास्तव के साथ मिलकर दोनों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था। यह जिहाद के आरोपी जिन लड़कियों को वे परेशान कर रहे थे, उनके बारे में अभी कुछ मालूम नहीं हो सका है। पुलिस ने अपनी ओर से दोनों के खिलाफ फर्जीवाड़ा करने आदि की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। शोहदों को पकड़ने वाले विशाल श्रीवास्तव का आरोप है कि अमान और नौशाद गिरोह बनाकर फर्जी नाम से समुदाय विशेष की लड़कियों को फंसाते थे। घटना वाले दिन उनके साथ दो–तीन अन्य युवक भी थे, जो मौके से भाग गए। नौशाद और अमान ने भी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। गौरतलब हो, पिछले साल बारादरी थाना क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ था। आशंका है कि शहर में फिर से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। हिंदूवादी संगठन के लोग शोहदों पर लव जिहाद गिरोह का सदस्य होने का आरोप भी लगा रहे हैं। गिरफ्तार नौशाद काफी समय तक केरल में रह चुका है। वह अक्सर केरल हवाई जहाज से जाता था। नौशाद कोचीन हवाई अड्डे के आसपास ही रहता था। वह केरल में क्यों रहता था? पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि वह किसी सिंडीकेट के संपर्क में था। पुलिस उसके परिवार की भी कुंडली खंगाल रही है।

## चुनाव के दौरान नहीं होनी चाहिए जाति की बात : नितिन गडकरी




नई दिल्ली,(एजेंसी)। देश में जाति को लेकर हो रही राजनीति के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बड़ा बयान सामने आया है। नितिन गडकरी पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से राजनीति कर रहा हूं और समाज सेवा ही करता हूं। मैं राजनीति में अपने विश्वासों से कभी समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न जाति और धर्म के लोग मुझसे मिलने आये। मैंने खुले तौर पर कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति या धर्म से महान नहीं होता। व्यक्ति अपने गुणों से महान होता है। गडकरी ने आगे कहा कि हमारे संतों ने हमें सिखाया है कि समाज से जाति, धर्म, ऊंच–नीच के सभी भेदभाव को समाप्त करना होगा और सामाजिक और आर्थिक समानता स्थापित करनी होगी। इसलिए मैं किसी के दबाव में नहीं आता। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सभी का कल्याण होना चाहिए लेकिन चुनाव के दौरान जाति की बात नहीं होनी चाहिए। इससे पहले नितिन गडकरी ने राजनीति में जाति के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई थी और कहा था कि जो राजनेता अपने काम के आधार पर चुनाव नहीं जीत सकते, वे इस बारे में बात करते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि दुर्भाग्य से हर किसी में खुद को पिछड़ा साबित करने की होड़ लगी हुई है। आज हमारी समस्या जाति और समुदाय नहीं है– गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी है। सुशासन और सही नीतियों के आधार पर हम गरीबों, किसानों, गांवों में रहने वालों, हाशिये पर पड़े लोगों की सेवा कैसे कर सकते हैं, इसी पर भाजपा काम करती है। यह पूछे जाने पर कि क्या विपक्ष की जाति जनगणना की मांग में दम है, गडकरी ने इस सवाल को स्पष्ट करने से इनकार कर दिया कि क्या ऐसी कवायद की जानी चाहिए या नहीं।

गडकरी ने कार्यकर्ताओं की सभा में कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति से बड़ा नहीं होता, बल्कि अपने गुणों के कारण बड़ा होता है। इस समाज में छुआछूत और जातिवाद खत्म होना चाहिए।''

## चिंता का सबब

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में दोगुने यात्री पहुंच रहे हैं। यह वाकई हर किसी के लिए चिंता का सबब है। बेतहाशा बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के चलते बारह यात्रियों की मौत हो चुकी है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी रैली छोड़ कर देहरादून पहुंचे। बैठक लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि 31मई तक सभी वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। यात्रा मार्गों पर भीषण जाम है, तीर्थयात्री घंटों–घंटों उनमें फंसे हैं। कुछ की तबीयत बहुत बिगड़ गयी।

कुछ श्रद्धालुओं को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। जबरदस्त भीड़ को देखते हुए पंजीकरण दो दिन के लिए रोके जा चुके हैं। यह सच है कि वीआईपी कल्चर के चलते होने वाली व्यवस्थागत गड़बडियों को नजरंदाज किया जाता है। खासकर इस तरह के बड़े तीर्थस्थानों तथा धार्मिक स्थलों में खास लोगों के लिए की जाने वाली व्यवस्था में पुलिस व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या जुटती है। ऐसे में आम नागरिक की तरफ से ध्यान हट जाता है।खुद को अलग और विशेष मानने वाला बड़ा वर्ग है अपने यहां, जो अपनी समृद्धि और ताकत का प्रयोग कर अपनी विशिष्टता दर्शाने में संकोच नहीं करता। निरूसंदेह खास लोगों की आस्था का भी ख्याल रखा जाना जरूरी है। मगर यह आम आदमी की असुविधा या अपमान के साथ न किया जाए।

यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि लोगों की आस्था का विस्तार तेजी से हो रहा है। अब लगभग सभी बड़े व प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में बेतहाशा भीड़ लगने लगी है। रही बात पंजीकरण की तो अभी भी देश में ऐसा तबका है, जिसे नियमोंध पाबंदियों के विषय में जानकारी नहीं मिल पाती।उनके पास इतना धन भी नहीं होता कि वे एकाध दिन कहीं रुक कर इंतजार कर सकें। दो सौ मीटर के दायरे में फोन के प्रयोग जैसी पाबंदी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो सकती है। तस्वीरें निकालने या रील बनाने वालों से निपटने के और रास्ते खोजने की जरूरत है।

नियमों व पाबंदियों की आड़ में आस्था पर प्रहार से बचने के प्रयास होने चाहिए। चार धाम जैसी यात्रा करने वाले वर्षो से इसकी तैयारी करते हैं, तब निकलते हैं। वे आम भक्त हों या खास, उनकी भावनाओं की अनदेखी करने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता।

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुला:आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# वन संपदा का नुकसान

अखिलेश आर्येन्दु

नवम्बर, 2023 से अब तक उत्तराखंड के तमाम इलाकों में लगी आग की तकरीबन एक हजार दो सौ बयालिस घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं जिससे 1,696 हेक्टेयर क्षेत्रफल की वन संपदा का नुकसान हो चुका है। कम से कम दस लोगों की मौत अब तक हो चुकी है।

जैव–विविधता का जो नुकसान हुआ है, उसका अनुमान लगाना मुश्किल हैं। जैव–विविधता और जन–गण का नुकसान अभी रु का नहीं है, जिस पर तुरंत काबू पाने की जरूरत है।

सरकारी आंकड़े के मुताबिक राज्य के कुमाऊं मंडल में सबसे ज्यादा 598 और गढ़वाल मंडल में 532 जंगल की आग की घटनाएं घटीं। पिछले आठ महीने में आग की घटनाओं से वन संपदा का ही नाश नहीं हुआ है, बल्कि काफी बड़े इलाके में तपिश भी बढ़ गई है। इसका असर रानीखेत और अल्मोड़ा के जंगलों में बेकाबू आग के रूप में देखा जा सकता है। आग से जंगल ही नहीं जल रहे हैं, बल्कि लोगों के घर, दुकान और ऑफिस को भी नुकसान हो रहा है। महज दिल्ली में ही 26 मई, 2024 तक 8912 घटनाएं घट चुकी हैं, जिनमें 55 लोगों की जान जा चुकी है। अरबों का नुकसान हो चुका है।देश–दुनिया में हर साल आग की लाखों घटनाएं घटती हैं जिससे करोड़ों की संपत्ति नष्ट होती है, मवेशी मारे जाते हैं, और कई लोग इसकी भेंट चढ़ जाते हैं। सरकारों के आग पर काबू पाने और मुस्तैदी के सारे दावे धरे रह जाते हैं। अब तक आग की बाइस हजार से अधिक घटनाएं देश के विभिन्न हिस्सों में घट चुकी हैं, जिससे करोड़ों–अरबों की संपत्ति खाक हो चुकी है। मवेशी और जन धन की जो हानि हुई है, वह अलग। देश के विभिन्न हिस्सों में जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यूं तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, असम, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भी आग से जंगल तबाह होते रहे हैं, लेकिन जिस बड़े पैमाने पर दोनों पहाड़ी राज्यों में तबाही देखने को मिलती है वैसी अन्य किसी राज्य में नहीं। पिछले तीस वर्षो में आग की लाखों छोटी–बड़ी घटनाएं घट चुकी हैं जिनमें लाखों हेक्टेयर जमीन में खड़े जंगल प्रभावित हुए हैं। जैविक–विविधता का नाश हुआ है और जीव–जंतु मारे गए।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के अनुसार भारत को 50 फीसद जंगलों को आग से खतरा है, जिसमें अधिकतर जंगल हिमाचल, जम्मू, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम के हैं। कई बार सूखे पत्तों और घनी झाड़ियों को जलाने के लिए आग लगाई जाती है। माना जाता है कि स्थानीय निवासियों द्वारा छोटे इलाकों में सूखे पत्तों और छोटी सूखी वनस्पतियों को जलाने से बड़ी विनाशकारी आग की घटनाएं नहीं होती हैं जिससे पर्यावरण की क्षति, वन क्षेत्र की वनस्पतियों और जीव–जंतुओं के विनाश का भी खतरा नहीं रहता। राज्य सरकार और केंद्र सरकार को इस तरह के लोगों को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित करके छोटे इलाकों के पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले खर–पतवारों को जलाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। लेकिन यह काम बहुत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। कई बार छोटी आग विकराल रूप धारण कर विनाश की वजह भी बन जाती है।दरअसल, पहाड़ी जीवन समतल इलाकों में रहने वालों से कई मामलों में अलग होता है। पहाड़ी इलाकों के रहवासियों का पालन–पोषण जंगल ही करते रहे हैं। फल–फूल, मेवे, औषधियां, जलाऊ लकड़ियां और मकान बनाने की लकड़ियां भी जंगलों से आराम से मिल जाती थीं। 1988 में केंद्र सरकार ने जो वन नीति बनाई थी उससे जंगलों को संरक्षित करने और उनका विस्तार करने में सहूलियत तो मिली लेकिन उत्तराखंड बनने के बाद जिस तरह से वनों में माफिया समूहों, तस्करों और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से लूट मची, उससे उत्तराखंड बनने का उद्देश्य खंड–खंड हो गया। आज भी उत्तराखंड में तमाम तरह की समस्याएं हैं, जिनका हल निकाला जाना चाहिए। पर्यटन के मामले में उत्तराखंड देश के दूसरे राज्यों से काफी आगे है, लेकिन जिस रूप में पर्यटन का विकास हो रहा है, उससे कई तरह की दुारियां भी पैदा हो रही हैं जिनमें जंगल काट कर भवनों का निर्माण भी एक है।आज उत्तराखंड में भारत ही नहीं, विदेश की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी यहां की अमूल्य संपदा का दोहन कर पूरे इलाके को खोखला करने में लगी हुई हैं। रोजगार देने और खुशहाली का नया दौर शुरू करने का सब्जबाग दिखाने वाली ये कंपनियां राज्य सरकार से खाद पानी पाती रही हैं। राज्य सरकार अवैध निर्माण, अवैध जगली जंतुओं के शिकार, अवैध खनन और वन की अमूल्य औषधियों एवं लकड़ियों की तस्कारी रोकने में विफल रही है। जिस लक्ष्य को लेकर उत्तराखंड का निर्माण किया गया था, वह लक्ष्य आज भी अधूरा है।पहाड़ के निवासियों द्वारा उत्तराखंड निर्माण के समय देखे गए स्वप्न जंगलों के साथ लगातार जलते आए हैं। हर बार चुनाव के समय हर पार्टी उत्तराखंड को सबसे खुशहाल राज्य बनाने का वादा करके सत्ता में आती है, और सत्ता मिलते ही अपना गुणा–भाग और नफा–नुकसान केवल पर्यटन को बढ़ावा देने और नई–नई देशी–विदेशी कंपनियों के जरिए केवल लाभ कमाने पर सारा ध्यान केंद्रित कर देती हैं। जो इस प्रदेश की मूल समस्याएं हैं, उनके लिए कोई ठोस दूरगामी कदम और योजनाएं नहीं बनाई जातीं। जब जंगल जलता है तो केवल जंगल नहीं जलता, बल्कि इस इलाके का आधार ही जल कर खाक हो जाता है।

देवभूमि कही जाने वाला इस पहाड़ी प्रदेश के अस्तित्व में आने के बाद यह अनगिनत प्राकृतिक त्रासदियों को झेलने के लिए मजबूर होता रहा है। शासन, प्रशासन प्राकृतिक त्रासदियों से छुटकारा दिलाने या मलहम लगाने के लिए तत्काल कदम उठाता तो है लेकिन जिस स्तर पर आग से लोगों का नुकसान होता है, उसकी भरपाई प्रशासन भी करने में नाकाम रहता है। जरूरत है जिम्मेदार विभाग और उनमें जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही करने के प्रति चेतावनी देने की। कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही को गम्भीर अपराध माना जाना चाहिए। प्रशासन अपने कर्त्तव्य के प्रति चुस्त रहेगा तो जगंल की बेकाबू होती आग भविष्य में विकराल रूप नहीं धारण कीं। और साथ में यह भी सोचना होगा कि प्राकृतिक संपदा को बचाने के लिए बड़े स्तर पर ऐसी योजना बनाई जानी चाहिए जिससे आगे लगने पर तुरंत उस पर काबू पाया जा सके।

# बढ़ते प्रदूषण से जान और जहान खतरे में

ललित गर्ग

कहते हैं कि जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान, दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का श्जहरस्य अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिंता का बड़ा कारण हैं।प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा–असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन–शैली ऐसी बन गई है कि आदमी जीने के लिए सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया। गंभीर होती इस स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान श्हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट्य की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है। रिपोर्ट के आंकड़े करने वाले हैं, जिनमें 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है।दुखद यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित और चिंतित करने वाले हैं वहीं नीति–नियंताओं के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिंदगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी है, कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत, बल्कि दुनिया के लिए गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की संख्या की बात है तो यह करीब 81 लाख बताई जाती है।



चिंता की बात यह है कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसद है जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में कोताही को दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। उसे पता ही नहीं होता कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा? प्रदूषण जैसी समस्याएं नये–नये मुखौटे ओढ़ कर डराती हैं। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्य सरकारें विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप लगाती रहती हैं। जानबूझकर प्रदूषण फैलाती हैं ताकि एक–दूसरे की छीछालेदर कर सकें। प्रदूषण के नाम पर कोरी राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बने रहना चिंता में डालता है।दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरु ग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पटाखों का धुआं भी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की वजह है। यह कैसी शासन–व्यवस्था है? अदालतों की कैसी अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव–ठहराव की स्थितियों के बीच व्यक्ति, शासन–प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनिसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे, जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बताई गई है, मौत के शिकार होते हैं। प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास ढंग से नहीं हो पाता। बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना जैसी शिकायतें आम हैं। चिंता की बात यह भी है कि गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले भारत के लिए संकट बड़ा है। दिल्ली सहित कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। हर कुछ समय बाद अलग–अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर श्बेहद खराबच्य की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से स्थिति में सुधार के लिए तमाम उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ सवाल खड़ा होता है कि आखिर, इसकी असली जड़ क्या है, और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही हैं?पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते–बूझते ऐसे काम करने में जरा भी नहीं हिचकिचा रहे हैं, जो हवा को और जहरीला बना रहे हैं। हम नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत, सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर आ खड़े हुए हैं।

# पटेल की सीख से पूजा खेडकर दूर रही

आर.के. सिन्हा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आई सी एस जो 1948 से आई पी जो 1948 से आई पी एस कहलाये ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि "उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा।" सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर, पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उन्हें सरदार पटले की सीख से भी कोई लेना–देना नहीं।

पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जन सेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूँकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक लग्जरी कार षकिराए परष ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए है।

पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर–क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर–क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। वह निश्चित रूप से गरीब व्यक्ति नहीं थी। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट केलिये हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे षविकलांगष नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है।

मैंने इसके बारे में तब जाना जब मेरे एक मित्र के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा दी।। बचपन में, उसके एक भाई ने उसकी दाहिनी आंख में कंपास डाल दिया था, जिससे वह आंशिक रूप से अंधा हो गया था। वह विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लिए योग्य नहीं होता, अगर उसकी दूसरी आंख सही होती। उसकी षसामान्यष आंख में आंशिक अंधापन था। इस तरह वह रेलवे सेवा के लिए चुना गया, जहाँ वह अब एक जिम्मेदार पद पर है।

पूजा खेडकर के मामले में, वह लोकोमोटर डिफिशिएंसी का दावा करती है, जो उसकी बाहों और पैरों के चलने में बाधा उत्पन्न करती है। डॉक्टर



और तकनीशियन आसानी से कमी का आकलन कर सकते हैं। उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड के सामने खुद को प्रस्तुत करना चाहिए था, जो यह प्रमाणित करता था कि वह विकलांग श्रेणी में शामिल करने के लिए योग्य है या नहीं।

किसी न किसी बहाने से, वह बोर्ड के सामने पेश नहीं हुई, एक बार नहीं बल्कि पांच बार। वह उन अस्पतालों से विकलांगता का उचित प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं कर सकी थी जिनसे उसने कथित तौर पर संपर्क किया था। यह भी रिकॉर्ड पर है कि उसने 2007 में एक मेडिकल कॉलेज में शामिल होने के दौरान पूर्ण फिटनेस प्रमाण पत्र जमा किया था। उल्लेखनीय बात यह है कि कार्मिक विभाग ने उसे मसूरी में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने और मेडिकल चेक–अप पास किए बिना आईएएस में शामिल होने की अनुमति दी। यहाँ कोई गंभीर गलती हुई है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आयेगा और सही और निष्पक्ष जांच के बाद इसके लिये दोषी अधिकारी या अधिकारीयों को दण्डित तो करना ही होगा।

केंद्र सरकार ने एक मेडिकल परीक्षा का आदेश दिया है जिसके लिए उसने एक व्यक्तिगत समिति नियुक्त की है, जो यह साबित करेगी कि क्या वह किसी भी विकलांगता से पीड़ित है। अगर उसने नखरे नहीं दिखाए होते, तो वह सेवा में बनी रहती। इससे कांड के बाद यूपीएससी की कार्यप्रणाली भी अच्छी रोशनी में नहीं दिखता है।

इससे भी गंभीर बात यह है कि पूजा अपने जिला मजिस्ट्रेट जिससे अधीन वह प्रशिक्षण प्राप्त ककर रही थी उनके आदेशों की अनदेखी करती थी। यह सरकारी सेवा में एक गंभीर आरोप है। इस बीच, तेलंगाना में एक आईएएस अधिकारी के बारे में भी रिपोर्ट आई हैं, जो कुछ विकलांगताओं के आधार पर सेवा में शामिल हुए। उदाहरण के लिए, उन्हें कथित तौर पर पोलियो का हमला हुआ है। लेकिन घोड़े की सवारी और साइकिल चलाते हुए उनके वीडियो यह तो नहीं बताते कि वे कभी पोलियो के शिकार थे?। इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिविल सेवाओं में विकलांग श्रेणियों के तहत रिक्तियों को भरने में मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है। लगता तो यही है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पिछले दस–पंद्रह साल में विकलांगता के आधार पर चुने गये ऐसे सभी मामलों को जांच के दायरे में लाने की आवश्यकता है।

आईएएस, जिसे अक्सर ष्भारत के इस्पात फ्रेमष के रूप में जाना जाता है, यह उपाधि सरदार वल्लभभाई पटेल, ष्भारत के लौह पुरुषष से प्राप्त करता है। उन्होंने नव स्वतंत्र भारत की एकता और स्थिरता बनाए रखने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। आईएएस राष्ट्र के प्रभावी शासन के लिए आवश्यक, सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इस सेवा में भर्ती में कोई भी समझौता देश के हितों को गंभीर रूप से कमजोर कर सकता है। यदि देश की जनता के दिल में आईएएस पदाधिकारियों के प्रति स्वाभाविक रूप से सम्मान और आदर का भाव नहीं रह जायेगा, तो कोई भी आईएएस प्रशासन कर ही नहीं पायेगा।

आईएएस अधिकारियों से अपनी भूमिकाओं में निष्पक्षता और अखंडता का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनके फैसले लाखों लोगों के जीवन और देश की समग्र स्थिरता को प्रभावित करते हैं। निष्पक्षता बनाए रखकर और कानून के शासन का पालन करके, आईएएस अधिकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से लागू किए जा रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया से समझौता पक्षपात ला सकता है और कानून के शासन को कमजोर कर सकता है, जिससे अस्थिरता और जनता का विश्वास कम हो सकता है। पूजा खेड़कर का मामला इस बात की गवाही है कि हमारे देश में फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर मलाई खाने का खेल खूब चल रहा है, जिसे तत्काल बंद किये जाने की आवश्यकता है।

# राजस्व कार्यों में लेखपाल महत्वपूर्ण कड़ी-जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने जनपद में नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया भुभारम्भ





प्रतापगढ़। लेखपाल भर्ती परीक्षा–2022 के आधार पर जनपद में 137 नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने दीप प्रज्जवलित व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कार्यो में लेखपाल महत्वपूर्ण कड़ी है, आज लेखपाल के दायित्व काफी बढ़ गए हैं, इसलिए नवनियुक्त सभी लेखपाल इस सेवा को जनसेवा का ध्येय बनाकर अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से निर्वहन करें, साथ ही आम–जन की समस्याओ का निष्पक्षता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें तभी हम जनता की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही शासन की मंशा पर खरे उतर सकते हैं। किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करायें, क्षेत्रों में जनसामान्य से अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि पूरे लगन

**➢ लेखपाल अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से करें निर्वहन–जिलाधिकारी**

से प्रशिक्षण हासिल करें ताकि अपनी ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे, कहीं कोई दिक्कत आये तो प्रशिक्षण में उसका समाधान अवश्य प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान टेक्निकल कार्यो जैसे पैमाइश कैसे की जाती है, मैप आदि का गहनता पूर्वक अध्ययन करें।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता ने नवनियुक्त लेखपालों से कहा कि राजस्व संहिता का अध्ययन अच्छे से कर लें तथा उत्तर प्रदेश भूलेख नियमावली के 08 विषयों क्रमशः सर्वेक्षण, भूचित्र कार्य, क्षेत्रमिति व अंकगणित, नियम एवं कर्तव्य, अधिनियम एवं प्रक्रिया, कागजात तैयारी, नियोजन एवं विकास, सदाचार एवं सदव्यवहार को भलि भांति समझ लें एवं गहनतापूर्वक अध्ययन अवश्य करें। इसी प्रकार उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह ने भी लेखपालों को राजस्व सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं जानकारी दी।

क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में 137 नवनियुक्त लेखपालों को प्रशिक्षण तहसीलदार न्यायिक सदर/प्रधानाचार्य सुप्रिया चतुर्वेदी एवं 05 नायब तहसीलदारों के द्वारा नवनियुक्त लेखपालों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ के अध्यक्ष ऐनुल हसन द्वारा किया गया।

जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक–जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई कालोनी कैम्प कार्यालय सिंचाई खण्ड प्रतापगढ़ में होगी। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण प्रतिभाग कर सकते है।



## 24.65 लाख की लागत से ग्रामीण अंत्येष्टि स्थल तैयार

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। पंचायती राज विभाग द्वारा दोहरीघाट, गाजीपुर व वाराणसी में अंत्येष्टि का दबाव कम करने के लिए और गरीबों को राहत प्रदान करने के लिए जिले के ग्रामीण इलाकों में 11 अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में मुहम्मदाबाद गोहना विकास खंड के भतड़ी चकभतड़ी गांव में प्रसिद्ध गढ़वा किले के दक्षिण–पश्चिम में नदी किनारे 24.65 लाख की लागत से अंत्येष्टि स्थल बनकर शवदाह के लिए तैयार हो चुका है। इसके बन जाने से विभिन्न गांव–गिरांव के लोग बिना किसी आवागमन के खर्चे के अपने मृत परिजन का दाह–संस्कार स्थानीय स्तर पर ही कर सकेंगे। विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बन रहे इस अंत्येष्टि स्थल में एक शांति स्थल, एक अंत्येष्टि स्थल, एक शव रखने का प्लेटफार्म, एक पंजीकरण का कमरा, एक शौचालय और पानी की व्यवस्था की गयी है। पूरा परिसर इंटरलाकिंग से युक्त है और यहां पर साफ–सफाई, लकड़ी एवं आवागमन का रास्ता सुगम बनाया गया है। चूंकि जन्म मृत्यु के पंजीकरण करने का कार्य वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव के अधीन है, इसलिये इनके द्वारा ही ग्रामप्रधान के साथ मिलकर शवदाह गृह का संचालन भी किया जायेगा। इन अंत्येष्टि स्थलों के अध्यक्ष जिलाधिकारी तथा सदस्य मुख्य विकास अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी होंगे। इसके संयोजक सदस्य जिला पंचायत राज अधिकारी होंगे। ग्रामप्रधान राजकुमार चौहान ने बताया कि हमारे गाँव में सुप्रसिद्ध गढ़वा की कोट के दक्षिणी पश्चिमी हिस्से में इसका निर्माण हुआ है जो बस्ती से दूर नदी किनारे स्थित है। नदी के उस पार के विभिन्न गाँवों को जोड़ने के लिए एक पुल भी बनाया गया है। इसके बन जाने से आसपास के दर्जन भर गाँवों के लोग लाभान्वित होंगे।

### "पहले हेलमेट बाद में चाभी के प्रति जागरूक किया

जौनपुर (आरएनएस)। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर,यातायात देवेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मिथीलेश मिश्रा के द्वारा होली चाइल्ड स्कूल में यातायात जागरुकता व सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम "पहले हेलमेट बाद में चाभी" स्लोगन के साथ वहाँ पर मौजूद 550 बच्चो को जागरुक किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से कहा कि अपनें परिवार में सभी सदस्यो को भी हेलमेट की विशेषता के बारे में जागरुक करें तथा साथ ही साथ शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए मदिरापान करके वाहन न चलाने, सड़क पर अवैध रुप से खड़े वाहनो के पार्किंग, के संबंध में लोगों को जागरुक किया गया।

### मतदेय स्थलों को लेकर सुझाव आमंत्रित

मीरजापुर(आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के अन्तर्गत 395– छानबे, 396–मीरजापुर, 397–मझवां, 398–चुनार एवं 399–मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची तैयार हो गई है, जो समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जनसाधारण के निःशुल्क निरीक्षणार्थ 11 सितंबर से 17 सितंबर 2024 तक प्रत्येक कार्यदिवस को कार्यालय समय में उपलब्ध रहेगी। जानकारी देते हुए जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया है कि उक्त अवधि में कार्यालय समय के अन्तर्गत उक्त आलेख्य सूचियों का निरीक्षण किया जा सकता है, यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सूची पर कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वह लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## संक्षेप

### तहसील का दर्जा देने की मांग

गोसाईगंज–अयोध्या(आरएनएस)। अयोध्या जनपद के विधानसभा गोसाईंगंज के मुख्यालय गोसाईंगंज कस्बे को तहसील का दर्जा देने की मांग पुनः उठने लगी है। कस्बे को तहसील का दर्जा देने के लिए नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल ने इलाकाई विधायक अभयसिंह को एक मांगपत्र दिया,जिसकी छायाप्रति मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त, डीएम सहित को भी प्रेषित किया गया है। मांगपत्र में श्रीमती जायसवाल का कहना है कि गोसाईंगंज कस्बा अयोध्या जनपद का व्यवसायिक केंद्र के साथ विधानसभा का मुख्यालय भी है। यंहा से जनपद की दूरी लगभग 40 किमी है। इसके साथ ही अगल बगल के गांवों से दूरी काफी ज्यादा हो जाती है।लोगो को तहसील में कार्य कराने के लिए लंबी दूरी का सफर तय करना पड़ता है जिससे उनका समय व धन दोनो बर्बाद होता है। गोसाईंगंज कस्बे को तहसील का दर्जा देने के लिए समय समय पर लोगो ने जनप्रतिनिधियों के साथ शासन प्रशासन से बराबर मांग करती रही है परन्तु अभी तक नजर अंदाज किया जाता रहा है। श्रीमती जायसवाल की मांग है कि जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र इस कस्बे को तहसील का दर्जा प्रदान किया जाय। मांगपत्र देने में पूर्व प्रधान मोईज अहमद बंटी, सभासद इम्तियाजुल हक,सभासद प्रतिनिधि श्यामलाल,दिनेश जायसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का दायित्व सबका

अयोध्या(आरएनएस)। पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान में सोमवार को बीकापुर क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कालेज तोरोमाफी दराबगंज तथा एमजेएस विद्यालय, नंदीग्राम भरतकुंड में पौधरोपण किया गया। संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियान में विद्यालय के बच्चों द्वारा पौधरोपण करा कर उन्हे पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षों की उपयोगिता के बार में जागरूक किया गया। संस्था द्वारा पौधों में नीम, पीपल, बरगत समेत अन्य पौधे सम्मलित है। ट्रीगार्ड लगाकर पौधों को सुरक्षित किया गया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पर्यावरण तथा जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आसपास हरियाली दिख रही है। आने वाली पीढ़ीयों के प्रति हमारा यह दायित्व है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करें साथ ही लगाए गए पौधे को संरक्षित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं के उनके पर्यावरण के प्रति दायित्व का बोध कराने के लिए उन्हीं से पौधे रोपित कराए गए हैं। जिससे भविष्य में वृक्ष की पर्यावरण में आवश्यकता से छात्र अवगत रहें। वृक्ष से इनका लगाव बढ़े तथा इसकी देखभाल का दायित्व निभाएं। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, विद्यालय के छात्र , शिक्षक व स्थानीय लोंगों की मौजूदगी रही।

### हनुमान मंदिर का हुआ भूमि पूजन

अयोध्या(आरएनएस)। सीतापुर आँख अस्पताल स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर का भूमि पूजन सोमवार को भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन के यजमान लालजी वैद एवं उनकी पत्नी पूनम वैद रही। मुख्य अतिथि की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जी व अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा कि मंदिर निर्माण भव्य एवं दिव्य किया जाएगा किसी भी प्रकार की धन की अड़चन नही आने दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायती ट्रस्ट मंदिर के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश वैध ने की, तथा संचालन भाजपा नेता दिनेश जायसवाल द्वारा किया गया सभी रामभक्तों, हनुमान भक्तों और भोलेनाथ के भक्तों ने जय श्रीराम, जय हनुमान, जय भोलेनाथ का उद्घोष किया। मीड़िया प्रभारी अभिषेक वैध व अधिवक्ता राजीव शुक्ल ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से नगर निगम अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पार्षद राजेश गौड, बार एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बब्बन चौबे, पंचायती मंदिर के दशरथ लाल, लालजी वैध, भाजपा के पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल (अन्नू), अधिवक्ता परिषद् अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव शुक्ला, आनन्द किशोर, विमल किशोर, विशाल वैद, बद्री प्रसाद, भारत भूषण, अंकित वैध, जितेन्द्र कुमार, रितेश कुमार, मुकुल वैध, वैध निषाद, गोपाल दास, अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, वैध राम प्रकाश पाण्डेय, सरद कुमार पाठक, अधिवक्ता मार्तण्ड प्रताप सिंह, शारदा प्रसाद गुप्ता, मनोज मेहरोत्रा हर्ष वैध, सयम कृष्ण, शुभम वैद, रिषभ कुमार वैद, लालजी, राजेश तिवारी सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जागरूक शिविर आयोजित

मीरजापुर(आरएनएस)। जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदया के निर्देश के क्रम में ग्राम नुआंव सिटी ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मीरजापुर में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पंकज शर्मा बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग मीरजापुर द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह कानून पर विस्तृत जानकारी दी गई श्री बाबूलाल कनौजिया संरक्षण अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित वन स्टाफ सेंटर एक छत के नीचे पांच संदर्भित सेवाओं के बारे में बताया गया व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की 24□7 की सेवाओं पर जानकारी दी गई कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका श्रीमती साधना शुक्ला, श्रीमती शुभ्रा श्रीवास्तव, श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव व दिलीप दुबे सहित 35 बालक व 49 बालिकाएं व ग्राम की 10 महिलाएं उपस्थित रही।

### श्रद्धा से याद किए गए संस्थापक बद्री प्रसाद

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस) ।शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के बद्री प्रसाद पांडे स्मारक सर्वोदय इण्टर कॉलेज रामगंज में सोमवार को विद्यालय का संस्थापक दिवस वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए।बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।सर्वोदय इण्टर कॉलेज रामगंज विधान सभा मिल्कीपुर का सबसे अधिक छात्र संख्या वाला विद्यालय है।जिसकी स्थापना 1957 में डा. बद्री प्रसाद पांडे ने की थी।सामाजिक कार्यकर्ता और पेशे से डॉक्टर बद्री प्रसाद पांडे एक ख्याति प्राप्त व्यक्ति थे तथा मिल्कीपुर के ब्लाक प्रमुख भी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से शुरू हुआ। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत दहेज नाटक,बाल विवाह कुरीति तथा कक्षा 10 की छात्रा लक्ष्मी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। नाटक ताड़का वध को दर्शकों ने खूब सराहा विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवम आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन प्रमोद कुमार चौबे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार पांडेय , पूर्व प्रबंधक डा. अरिसूदन पांडे ,प्रधानाचार्य हनुमान गंज व राजेश सिंह, प्राचार्य विमला देवी, प्रदीप श्रीवास्तव रहे।

## कार्यो/परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में रूपये 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के

**➢ परियोजनाओं का कार्य पूर्ण होने पर यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर करायें–जिलाधिकारी**

द्वारा कराये जा रहे कार्यो आईटीआई जरियारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़, 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय बैरमपुर सुवंशा, 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय शिवसत का निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की एवं निर्देशित किया कि परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर हस्तगत किया जाये, कार्यो में लापरवाही कदापि न बरती जाये। इसी प्रकार उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराये जा रहे थानो के आवासीय एवं अनावसीय भवन, पुलिस चौकी, आईटीआई पट्टी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़कों पर जो भी गड्ढे हुये है उनके कार्यो को देख लें एवं सड़कों को गड्ढामुक्त करायें। सेतु निर्माण के कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सेतु निर्माण के कार्यो को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये, कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, यूपी जल निगम, सीएनडीएस आदि के निर्माण कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजनाओं से प्रशासकीय विभाग से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण किया जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।



## स्ट्रांग वुमन ऑफ उप्र के खिताब पर कब्जा

मीरजापुर(आरएनएस)। राज्य स्तरीय बेंच प्रेस पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन 7 एवं 8 सितंबर को लखनऊ के बाबू केडी सिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ। जिसमें मिर्जापुर की टीम ने कोच कमलापति त्रिपाठी एवं मिर्जापुर स्टेडियम में प्रशिक्षक निधि सिंह पटेल के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच गोल्ड, एक सिल्वर मेडल एवं 5 ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग 53 केजी भार वर्ग में विजय कुमार मौर्य ने गोल्ड मेडल हासिल किया। 66 केजी भार वर्ग सीनियर मे अरुण कुमार कुशवाहा ने गोल्ड पर कब्जा जमाया। वहीं मास्टर वर्ग में 66 ाह भार वर्ग में नाजीर अहमद जी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपनी झोली में डाला। जिन्होने 63 साल की उम्र में मास्टर वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने हैं। वहीं 105 केजी भार वर्ग में किशन पांडे ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। महिलाओं में 63 केजी भार वर्ग में ज्योति सिंह ने गोल्ड मेडल के साथ ही स्ट्रांग



वूमेन ऑफ उत्तर प्रदेश का खिताब भी अपने नाम किया। 69 किलो भार वर्ग में सिलम सिंह ने भी गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। जो लखनऊ में पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। वही सुशीला देवी, आकांक्षा सिंह, रेणुका गौतम, ज्योति कुमारी और रूबी सिंह ने अपने–अपने भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में दीनबंधु, अभय शुक्ला, आदित्य सिंह, शौर्य वर्धन एवं सब जूनियर में संजय सोनकर, मोहित साहनी, शमशाद एवं प्रज्वल त्रिपाठी ने अपने–अपने भार वर्ग में अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन मेडल लेने से चुके। खिलाड़ियों की जनपद वापसी पर मोर्चा घर स्थित एल.आर. फिटनेस सेंटर पर संघ के पदाधिकारियों एवं जिम के सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों को फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के शानदार उपलब्धि पर जिला संघ के सचिव श्री कमलापति त्रिपाठी द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। संघ की संरक्षिका श्रीमती रत्नावली सिंह, अध्यक्ष डॉ प्रेम शंकर सिंह उपाध्यक्ष ब्रह्मांड राज, सुचित्रा सिंह, संजय कुशवाह , श्रवण सिंह, भीमेश्वर मौर्य , नीतेश सिंह, , दीपक मालवीय, वीरेंद्र सिंह मरकाम, डॉक्टर एचपी सिंह,मनोज सेठ, खेलाधिकारी भानु प्रसाद विपुल दुबे, शिवाकांत द्विवेदी आदि लोगों ने खिलाड़ियों का उत्सवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अध्यापको को किया गया प्रशिक्षित

मीरजापुर(आरएनएस)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त कालेजो के सम्बन्धित अध्यापको के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक बताया गया कि सभी बच्चे आधार सत्यापन मेरी पहचान ई प्रमाण पत्र के अन्तर्गत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि परास्नातक में अध्यनरत बच्चों को टेबलेट व स्नातक में अध्यनरत बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों के द्वारा अपना ई केवाईसी करने में दिक्कत आ रही है तो उन्हे कालेज बुलाकर ईकेवाईसी कराना सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर ई डिस्ट्रिक मैनेजर दीपचन्द दीक्षित सहित कालेजों के अध्यापकगण उपस्थित रहें।

## बच्चों को संस्कारित करने के लिए हर गॉव में चलेगी संस्कारशाला: सीमा सिंह

मीरजापुर(आरएनएस)। विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय इमलहा नाथ महादेव मन्दिर दक्षिण फाटक पर किया गया। जहां हर गॉव से आए हुए 22 महिला आचार्यो को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग के केंद्रीय प्रशिक्षण टोली की सदस्य सीमा सिंह ने आये हुए सभी महिला आचार्यो को तीन दिन तक प्रशिक्षण दिया जिसमे इन्होने गायत्री मंत्र, भारत माता की आरती, गीत, भजन हनुमान चालीसा के साथ कई मंत्रो को याद कराया और संस्कार के बार मे बताते हुए कहा की संस्कारशाला गरीब बच्चो के बीच में जाकर चलाना है। जो बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं तो उनको ये आचार्या गांव में जाकर प्रशिक्षित करेगी। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अमित पाठक ने कहा कि हमारी आचार्या प्रशिक्षण प्राप्त करके जा रही हैं जो अपने गांव के अगल बगल के जहा पर 8 सितम्बर से 10 सितम्बर 2024 तक तीन दिवसीय किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र सेवा प्रमुख राकेश श्रीवास्तव प्रान्त सेवा प्रमुख अनिल,




बच्चों को प्रशिक्षित करेगी। आपने बताया की घर में एक साथ मिलकर भोजन करना चाहिए, एक साथ मिलकर रहना चाहिए, घर के बच्चो के अन्दर संस्कार कैसे आये इस तरह के प्रमुख बाते बतायी। कार्यशाला का संचालन विभाग संयोजक प्रवीण जी द्वारा किया गया प्रान्त सह सेवा प्रमुख विजय कृष्ण सिंह, विभाग मंत्री रामचन्द्र शुक्ल, जिलाध्यक्ष माता सहाय, जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह, जिला सह मन्त्री अभय शंकर, जिला सेवा प्रमुख डा. पुष्पेंद्र सिंह जिला सेवा विभाग सदस्य पुनम केशरी के साथ कई लोग उपस्थित रहे।

### अडानी ग्रुप का बैनर लगाकर भूमि पर जबरजस्ती किया जा रहा है कब्जा

मीरजापुर(आरएनएस)। सदर तहसील क्षेत्र के मौजा ददरी में एक कंपनी द्वारा किसानों की भूमि को फर्जी ढंग से व डरा धमका करके जबरजस्ती कब्जा करने को लेकर विरोध गहराने लगा है। बुधवार को किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि सैकड़ों काश्तकारों की भूमि को वेलस्पन एनर्जी यूपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि कुक्कु टेक्कर द्वारा इकरारनामा के स्थान पर बैनामा करा लिये थे। जिस बैनामा का न्यायालय मीरजापुर में बैनामा निरस्ती का वाद लम्बित है। बावजूद उसको दरकिनार करते हुए मौके पर अडानी कंपनी का बैनर लगाकर कब्जा किया जा रहा है।जिसे तत्काल भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा उक्त काश्तकारों की भूमि पर हो रहा निर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल को तत्काल रोका जाना नितांत आवश्यक है। मौजा ददरी खुर्द के काश्तकारों का मुनं 570 सन 2021 विकाश बहादुर बनाम वेलस्पन एनर्जी, मुनं 571 सन् 2021 प्रकाश बहादुर बनाम वेलस्पन एनर्जी एवं मुनं 569 सन् 2021 सुषमा बनाम वेलस्पन एनजी मंसुखी बनाम विचाराधीन है। जो वर्तमान में अडानी ग्रुप का बैनर लगाकर उक्त काश्तकारों की भूमि पर जबरजस्ती कब्जा करके नवनिर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल किया जा रहा है। वर्तमान समय में अडानी ग्रुप द्वारा उक्त मौजा वदरी खुर्द के काश्तकारों को झांसा देकर फर्जी ढंग से दवा वितरण करके सादे कागजात व सादे स्टैम्प पर हस्ताक्षर कराया जा रहा है।

## संदीप को सम्मानित होने पर लोगों में हर्ष

मीरजापुर(आरएनएस)। शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय जेके ग्रुप के फाउंडर एंड सीईओ संदीप पांडेय को ष्वर्ष के सर्वश्रेष्ठ इनोवेटिव एजुकेशन लीडर्स 2024ष अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर उन्हें बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है। बताते चलें कि शिक्षा जगत में 430 से भी ज्यादा सेण्टर पार्टनर्स और 27 से भी ज्यादा विश्वविद्यालय के साथ पिछले 7 वर्षो में पच्चीस हजार से भी ज्यादा छात्रों को उनके भविष्य को उज्वल बनाने का कार्य संदीप पांडेय ने किया है। जिसके लिए राजधानी दिल्ली में ग्रुप के चेयरमैन संदीप पांडेय को ष्सर्वश्रेष्ठ इनोवेटिव एजुकेशन लीडर्स 2024ष के लिए मुकेश खन्ना बॉलीवुड अभिनेता, पद्मश्री जीतेन्द्र सिंह शंटी, सेवानिवृत्त जर्नल जयंत एवं साध्वी समाहित के द्वारा आचार्य देवो भवः अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जहां पर आचार्य अभिनव शर्मा (शक्ति पीठ ज्वालामुखी के पीठाधीश्वर), स्वामी अखंडानंद महाराज एवं चिंतामणि जी महाराज भी मौजूद रहे। संदीप पांडेय को सम्मानित किए जाने पर योगाचार्य भोलानाथ, युवा योगाचार्य ज्वाला, संदीप सिंह, प्रवीण कुमार मौर्य इत्यादि प्रमुख ने कहा है कि संदीप जी के कार्य निशंदेह समाज हित में और शिक्षा के जरिए लोगों खासकर छात्रों को एक नई दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर बधाई देने वालों में उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक जी, पतंजलि युवा भारत के राज्य प्रभारी ब्रजमोहन, राष्ट्रीय योगासन जज जाने माने योग गुरु योगी ज्वाला सिंह, मुख्य महिला केंद्र प्रभारी श्रीमती संगीता व्यास, संग विभिन्न आदि लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### छह लुटेरे लूट के सामान के साथ गिरफ्तार

रायबरेली(आरएनएस)जगतपुर थाना क्षेत्र के टीकर अगाचीपुर में एक युवक के साथ बुधवार को हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने छह लुटेरों को गिरफ्तार कर लूट का सामान और असलहा बरामद किया है।मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जगतपुर थाना क्षेत्र के रोझईया भीखमशाह निवासी अभिषेक त्रिवेदी बुधवार शाम को एक बर्थडे पार्टी में फोटो खींचने टीकर अगाचीपुर जा रहा था जैसे ही वह बेहीखोर पुल के पास पहुंचा वहां पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार लुटेरों ने उसका कैमरा,मोबाइल व नकदी लूट लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी।एसपी ने बताया कि सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौवहार के नेतृत्व में जगतपुर कोतवाल अजय राय ने ऊंचाहार थाना क्षेत्र के केवलपुर निवासी आदर्श द्विवेदी उर्फ राम,बजरिया मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी अर्पित सिंह,मोहित सिंह,महिमापुर मजरे गंगौली निवासी अतुल प्रताप यादव,जगतपुर निवासी अंकित पटवा व राजकुमार को गिरफ्तार किया है।

## राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस,फूलपुर उपचुनाव के लिए कर रहे दौरा बैठकें

प्रयागराज। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए सभी पार्टियों के नेता इस समय क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रयाग जोन के प्रभारी राजेश तिवारी प्रयागराज आए थे। वह फूलपुर विधानसभा सीट में आने वाले करीब आधा दर्जन क्षेत्रों का दौरा किए और कई जगहों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किए। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि "जब कांग्रेस की सरकार थी तो सिलेंडर की कीमत 400 रुपये थी। भाजपा की सरकार में वही सिलेंडर 1100 से 1200 रुपये में मिल रही है। किसान त्राहिमाम कर रहा है और युवा बेरोजगार घूम रहा है। उसे नौकरी नहीं मिल रही है। पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि, जनता अब भाजपा के मंसूबे को अच्छी तरह से समझ चुकी है। बीते लोक सभा चुनाव में जनता ने इसका करारा जवाब भी दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह फूलपुर में होने वाले उपचुनाव के लिए तैयारियों में जुट जाएं और जनता के बीच जाकर उन्हें कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताएं। राष्ट्रीय सचिव एवं प्रयागराज जोन के प्रभारी राजेश तिवारी की अध्यक्षता में कई बैठक संपन्न हुईं। सुनौटी, कटका, छतनाग,कोहना आदि जगहों पर बैठक संपन्न हुई। इन बैठकों में मुख्य रूप से अनुग्रह नारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, मनीष मिश्र,मकसूद खान,इमरान खान,विनय पांडेय, इस्तियाक अहमद,लल्लन पटेल, सौरभ श्रीवास्तव,राम लखन यादव, पुष्पेंद्र भारतीय, फोटो देवी,नगीना वर्मा,अलीम हाशमी आदि मौजूद रहे।



## विशाल मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

प्रयागराज। डी एल डब्ल्यू बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) परिसर प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुब्रतो नाथ के देखरेख में संस्था विभाग द्वारा स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत एक लम्बी मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के महत्व को समझाया। यह मानव श्रृंखला – बरेका सेंट्रल मार्केट स्थित कुंदन से लेकर सूर्य सरोवर,इंटर कॉलेज,बैंक ऑफ बड़ोदा,सिविल ऑफिस, स्टेडियम मैन गेट होते हुए कुंदन तक का बनाया गया। इस विशाल मानव श्रृंखला को बरेका महाप्रबंधक सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा गौरी श्रीवास्तव ने गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा,मुख्य संरक्षा अधिकारी एस.बी.पटेल,मुख्य यांत्रिक इंजीनियर–एस. ई.गीरज जैन, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर– विद्युत एम.के.गुप्ता,मुख्य यांत्रिक इंजीनियर–क्यू.एम. एस.राम जन्म चौबे,उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर–स्पेयर,एम.पी.सिंह, बरेका महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी,प्रत्येक विभाग के विभागाध्यक्ष,अधिकारियों, कर्मचारियों के अतिरिक्त बरेका सिविल डिफेंस, सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड,भारत स्काउट्स एवं गाइड,खिलाड़ियों, संयुक्त सचिव,कर्मचारी परिषद श्री श्रीकांत यादव सहित समस्त कर्मचारी सदस्य।

## सरकारी जमीनों व चकमार्गो से अवैध कब्जे खाली कराए जाएं - जिलाधिकारी

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 204 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायत इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 204 शिकायतों में से 92 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 21, खाद्य विभाग से 02, चकबन्दी विभाग से 02, विद्युत विभाग से 07 एवं 52 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस



विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा सुनी गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता सुरेन्द्र निवासी कल्यानपुर मौरहा ने शिकायत किया कि प्रार्थी की भूमिधरी भूमि पर गांव के मुरलीधर जबरन अराजक तत्वों व परिवारीजन के सहयोग से पशुबल व धनबल के आधार पर अवैध निर्माण करना चाहते है,इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि सम्बन्धित लेखपाल को मौके पर भेजकर शिकायत का समाधान करायें। शिकायतकर्ता धर्मा देवी निवासी पूरेरामदेव थाना अन्तू ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के पति बीमार चल रहे है तथा कान से सुनते भी नही है, पति को शौचालय हेतु खेतों में जाना पड़ता है। प्रार्थिनी के पति के बड़े भाई राम बहादुर यादव व अरूण कुमार,कपिल,अरविन्द कुमार आबादी की भूमि में शौचालय का निर्माण नहीं करने देते है तथा प्रार्थिनी का आबादी में 1/2 भाग है, उसे भी आज तक नहीं दे रहें है। प्रार्थिनी जब कभी शौचालय का निर्माण कराने को लेबर लाती है तब उपरोक्त लोग गाली गुप्ता देकर लेबर को भगा देते है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर व एसएचओ अन्तू को निर्देशित किया कि जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। शिकायतकर्ता अमरनाथ व अनीता देवी ने शिकायत किया कि प्रार्थीगण को वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी जो विगत 06 माह से बंद है, वृद्धावस्था पेंशन को पुनः कराया जाये जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होने समस्त लेखपालों और कानूनगो को सचेत करते हुये कहा कि राजस्व शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में बिना किसी पक्षपात गुणवत्ता पूर्ण ढंग से शिकायत का निस्तारण करायें और मौके पर दोनो पक्षों के हस्ताक्षर भी करायें, फर्जी रिपोर्ट कदापि न लगायी जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित लेखपाल व कानूनगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने सभी लेखपालों को कड़े निर्देश दिये कि सरकारी जमीनों व चकमार्गो पर जो भी अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये। उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियां से कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय–सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें।


## नवरात्रि मेले के शुभ अवसर पर मैहर स्टेशन पर रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

भारतीय रेल द्वारा श्रद्धालु/यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत **नवरात्रि मेले** के शुभ अवसर पर दिनांक **03.10.2024** से **17.10.2024** तक के लिए **मैहर स्टेशन** पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों का 5 मिनट अस्थाई ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | मैहर स्टेशन पर ठहराव का समय | | यात्रा प्रारंभ की तिथि से ठहराव की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 11055 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर | 03:15 | 03:20 | 02.10.24 से 16.10.24 |
| 11056 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | 20:45 | 20:50 | 04.10.24 से 16.10.24 |
| 11059 | लोकमान्य तिलक (ट.)-छपरा | 03:15 | 03:20 | 03.10.24 से 15.10.24 |
| 11060 | छपरा-लोकमान्य तिलक (ट.) | 20:45 | 20:50 | 03.10.24 से 17.10.24 |
| 12669 | चेन्नई-छपरा | 20:45 | 20:50 | 05.10.24 से 14.10.24 |
| 12670 | छपरा-चेन्नई | 07:40 | 07:45 | 02.10.24 से 16.10.24 |
| 19051 | वलसाड-मुजफ्फरपुर | 15:25 | 15:30 | 05.10.24 से 12.10.24 |
| 19052 | मुजफ्फरपुर-वलसाड | 12:00 | 12:05 | 07.10.24 से 14.10.24 |
| 11045 | कोल्हापुर-धनबाद | 17:30 | 17:35 | 04.10.24 से 11.10.24 |
| 11046 | धनबाद-कोल्हापुर | 22:35 | 22:40 | 07.10.24 से 14.10.24 |
| 15267 | रक्सोल-लोकमान्य तिलक (ट.) | 11:40 | 11:45 | 05.10.24 से 12.10.24 |
| 15268 | लोकमान्य तिलक (ट.)-रक्सोल | 10:50 | 10:55 | 07.10.24 से 14.10.24 |
| 18201 | दुर्ग-नौतनवा | 06:00 | 06:05 | 02.10.24 से 16.10.24 |
| 18202 | नौतनवा-दुर्ग | 02:00 | 02:05 | 04.10.24 से 13.10.24 |
| 11037 | पुणे-गोरखपुर | 11:00 | 11:05 | 03.10.24 से 10.10.24 |
| 11038 | गोरखपुर-पुणे | 04:25 | 04:30 | 05.10.24 से 12.10.24 |
| 17609 | पटना-पूर्णा | 17:25 | 17:30 | 05.10.24 से 12.10.24 |
| 17610 | पूर्णा-पटना | 10:50 | 10:55 | 03.10.24 से 10.10.24 |
| 22103 | लोकमान्य तिलक (ट.)-अयोध्या कैंट | 06:50 | 06:55 | 07.10.24 से 14.10.24 |
| 22104 | अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक (ट.) | 09:00 | 09:05 | 08.10.24 से 15.10.24 |
| 18609 | रांची-लोकमान्य तिलक (ट.) | 13:55 | 14:00 | 02.10.24 से 16.10.24 |
| 18610 | लोकमान्य तिलक (ट.)-रांची | 10:50 | 10:55 | 04.10.24 से 11.10.24 |
| 22971 | बांद्रा (ट.)-पटना | 15:25 | 15:30 | 07.10.24 से 14.10.24 |
| 22972 | पटना-बांद्रा (ट.) | 08:25 | 08:30 | 02.10.24 से 16.10.24 |
| 22131 | पुणे-बनारस | 11:00 | 11:05 | 07.10.24 से 14.10.24 |
| 22132 | बनारस-पुणे | 11:40 | 11:45 | 09.10.24 से 16.10.24 |
| 15647 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गुवाहाटी | 00:55 | 01:00 | 04.10.24 से 11.10.24 |
| 15648 | गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक (ट.) | 23:25 | 23:30 | 08.10.24 से 15.10.24 |
| 19045 | सूरत-छपरा | 02:30 | 02:35 | 02.10.24 से 16.10.24 |
| 19046 | छपरा-सूरत | 22:50 | 22:55 | 04.10.24 से 16.10.24 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1678/24 FA


## कलम सच्चाई की एवं कर्म–पथ न्याय का ही एक असली पत्रकार की पहचान है - मंत्री राजेश तिवारी

प्रयागराज। कलम सच्चाई की एवं कर्म–पथ न्याय का ही एक पत्रकार की असली शोभा है यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने नवयुवक एवं तेज–तर्राक पत्रकार मुकेश कुमार विश्वकर्मा से मामा–भान्जा प्रयागराज के हिन्दू होटल में कही।संज्ञानित कराते चले कि जिला मंत्री एवं नवयुवक तेज–तर्राक पत्रकार विश्वकर्मा के बीच बहुत ही घनिष्ठतम एवं अत्यन्त मृदुल पारिवारिक रिश्ते हैं।जिला मंत्री ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि कलम सच्चाई की एवं कर्म–पथ न्याय का ही एक पत्रकार की असली शोभा है।जिला मंत्री ने आगे अवगत कराया कि बचपन से ही पत्रकार श्री विश्वकर्मा सत्य एवं न्याय के प्रतिपालक रहे और सच्चाई एवं न्याय पथ पर निरन्तर चलते चले जा रहे हैं।सच्चाई एवं न्याय धर्मिता के प्रतिपालक पत्रकार श्री विश्वकर्मा के पत्रकारिता की पैनी धारधार



कलम सत्य एवं न्याय की लेखनी में कभी काँपती नही जो सच है उसका बखूबी एवं जाबाजी के साथ प्रकाशन इन्हें पत्रकारिता जगत में एक अलग पहचान दिलाती है।नवयुवक तेज–तर्राक पत्रकार विश्वकर्मा इस समय प्रिन्ट मीडिया के साथ ही साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी संचालन कर रहे हैं।जिला मंत्री ने अपने आध्यात्म चक्षु के ज्ञान उत्सर्जित वाणी में वर्णन किया कि इस जगत में मनुष्य को सत्य एवं न्याय के पथ पर चलने हेतु ही ईश्वर द्वारा ढांचागत किया गया चाहे वह किसी भी कर्म–पथ से जुड़ा हो।दया,पुण्य एवं सहानुभूति जैसे गुणों से सुसज्जित एवं सत्य तथा न्याय धर्मिता प्रतिपालक ही मनुष्य असली मानव जीवन को पूर्ण करता है जिससे वह देवत्व को प्राप्त हो सके क्योंकि मनुष्य योनि को परिपूर्णतःभोग लेने के बाद मनुष्य देवता अंश में चला जाता है और इस सांसारिक भव–बन्धन अर्थात जीवन–मृत्यु से मुक्त हो जाता है।जिला मंत्री ने आगे यह भी कहा मानव होकर भी मानवता के समस्त गुणों से विचलित इन्सान का जीवन नर्कगामी बना रहता है और उसे इस मृत्युलोक में बार–बार जन्म लेकर अपने कर्मों का फल भुगतना पड़ता है।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पं० रामशिरोमणि तिवारी ने कहा कि जिला मंत्री ने आज मनुष्य के वास्तविक क्या कर्म हैं उसे बहुत ही सरलतम भाषा की श्रेणी में अवगत कराया।वास्तव में जिला मंत्री द्वारा उपदेशित वचनों का परिपालन करके ही मनुष्य अपने जीवन को साकार कर देवत्व को प्राप्त हो सकता है।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला ने कहा कि जिला मंत्री द्वारा उपदेशित एक–एक शब्द मानव कल्याण कारी हैं और जिला मंत्री के वचनों के श्रवण के समय में मैं प्रभू श्रीकृष्ण द्वारा उपदेशित अमृत–गीता के सागर में गोता लगाने लगता हूँ और जिला मंत्री के चेहरे पर साक्षात प्रभू श्रीकृष्ण के प्रतिविम्ब का दीदार करने लगता हूँ।इस साहित्यिक एवं मार्मिक आध्यात्मिक वार्ता के दौरान वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण राज सिंह,शिक्षाविद कमलेश पाण्डेय, शिक्षाविद जोखू लाल पटेल एवं रवि कुमार सहित आस–पास बहुतायत लोग मौजूद रहे।

## अब तक 01 लाख से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

प्रयागराज। उपमुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या –गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है,वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओंध के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1507 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया,जिनमें 4775प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4042 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7207 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में लगभग 94 हजार ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 72 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 8हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## अवैध देशी तमन्चा कारतूस नगद रुपए के साथ चार लोग किए गए गिरफ्तार

प्रयागराज। संवाददाता थरवई क्षेत्र के हसन पुर कोरारी गाँव के पास 14 सितम्बर को लूट की घटना हुई थी। जिसमे प्राप्त तहरीर के अनुसार पुलिस लूट की घटना की जांच कर रही थी। एस.ओ. जी. व सर्विलांस सेल के सयुंक्त टीम ने थरवई।


उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्याः 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2024/537 दिनांकः 20.09.2024

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

निविदा सं.ः 230 - क0वि0-कार्य ठेका-928-2024 | अनुमानित लागतः ₹ 56,27,189.89

कार्य का विवरणः कानपुर - टूंडला सेक्शन में भाऊपुर-मैथा स्टेशन के बीच एलसी संख्या 88-ए पर 2 आरओबी के निर्माण के कारण 25 केवी ओएचई संशोधन कार्य और प्रयागराज मंडल के दादरी स्टेशन पर रैंप के साथ 6 मीटर चौड़ा एफओबी प्रदान करके पुराने एफओबी को बदलने का कार्य।

बिड सुरक्षा राशिः ₹ 1,12,600.00 | कार्य अवधिः 09 महीना | बोली प्रणालीः एक पैकेट

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 14.10.2024, 14.00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 14.10.2024, 15.00 बजे

नोटः- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1682/24(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## केंद्रीय चिकित्सालय में किया गया स्टेपलर सरकमसीजन शिविर का आयोजन

प्रयागराज। चिकित्सा निदेशक डा0 संजीव कुमार हाण्डू और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 सत्य प्रकाश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में स्टेपलर सरकमसीजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे बिना चीरे और टांके के स्टेपलर विधि द्वारा फीमोसिस का स्टेपलर सरकमसीजन किया गया। इस कैंप में दिल्ली से आये विशेषज्ञ द्वारा सरकमसीजन स्टेपलर का मरीजों पर सफल परीक्षण किया गया। इस



विधि में दर्द भी नही होता है और न ही टांका काटने की जरूरत होती है आजकल बच्चो और वृद्धों में विशेषतः मधूमेह रोग से पीडित व्यक्ति में फीमोसिस नामक बीमारी आम बात है। इस कैंप में रेलवे के वरिष्ठ सर्जन डा संजय कुमार मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज सर्जरी के पूर्व विभागाध्यक्ष डा सबी अहमद शहर के प्रसिद्व निश्चेतक विशेषज्ञ डा एन पी मिश्रा,यूरोलाजिस्ट अभिषेक शुक्ला,मैट्रन मंजू सोनकर,सहायक असिस्टेंट मूल चन्द,राजेन्द्र तिवारी लवकुश, आरती प्रसाद,अमित शुक्ला नर्सिंग स्टाफ बनवारी लाल व प्रीती सिस्टर उपस्थित हुए व कैंप को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

## सड़क के किनारे फेंका जा रहा कचरा, बीमारी को दे रहा निमंत्रण

प्रयागराज। नगर पालिका विभाग की बड़ी लापरवाही से स्थानीय लोगों के जीवन के साथ किया जा रहा खिलवाड़। बीमारी को दावत दे रहा है सड़ा हुआ प्लास्टिक का कूड़ा कचरा। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन की कल्पना करते नजर आ रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर सड़क के किनारे नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कचरा फेंक कर बीमारी को दावत दिया जा रहा है। आसपास घनी बस्ती होने के बावजूद भी सड़क के किनारे क्यों फेंका जा रहा है कचरा। पूरा मामला नगर पालिका क्षेत्र के राम राम चौराहे के पास पेट्रोल पंप्प के बगल का है। जहां तस्वीरों में साफ



देखिए किस तरह से सड़क के किनारे कचरे का अंबार लगा हुआ है। अगर कूड़ा कचरा से बीमारी फैली और लोग बीमार हुए तो कौन होगा जिम्मेदार।

## मंडलायुक्त ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण

प्रयागराज। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने संपूर्ण समाधान दिवस के उपलक्ष में तहसील सदर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जन सुनवाई के दौरान प्राप्त कई शिकायती पत्रों को स्वयं देखा तथा सभी के शीघ्र निस्तारण हेतु राजस्व टीम को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने नायब तहसीलदारों के न्यायालय में जाकर उनके द्वारा हाल ही में की गई सुनवाई से सम्बंधित वाद पत्रावलियों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, परंतु सम्बन्धित नायब तहसीलदार उन फाइलों को उपलब्ध नहीं करा सके। उनके द्वारा बताए जाने पर कि सभी फाइलों को रिकार्ड रूम में भेज दिया गया है मण्डलायुक्त ने रिकार्ड रूम जाकर जब फाइलों को उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तब भी वह फाइलों को यह कहकर प्रस्तुत नहीं कर सके कि सम्बंधित



बाबू जिसने फाइलें रखी हैं वह उपलब्ध नहीं है। मण्डलायुक्त ने रैंडम बेसिस पर वहाँ रखी कई वाद पत्रावलियों को देखा तथा उनमें कई कमियाँ पाईं। कई पुरानी लंबित फाइलें जिनका अब तक निस्तारण हो जाना चाहिए था उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। कई फाइलों के निस्तारण हेतु जो आवश्यक पत्रावली फ़ाइल में लगानी थी तथा जिस प्रक्रिया का अनुपालन होना चाहिए था वो भी नहीं किया गया था। कृषि संबंधित दाखिल खारिज प्रकरणों में जहां सब रजिस्ट्रार के यहाँ से रोजाना हो रहे कृषि बैनामों की प्रतिलिपि समय से ऑनलाइन तहसील को प्रेषित होनी थी वो भी नहीं हुई थी। इस पर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त करते हुए सब रजिस्ट्रर को भी फटकार लगाई। नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार द्वारा की जा रही इस लापरवाही एवं शिथिलता पर उन्होंने दोनों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में एडीएम फाइनैंस को रोजाना हो रहे कृषि बैनामे समय से ऑनलाइन तहसील को प्रेषित हो रहे हैं यह सुनिश्चित करने हेतु पिछले एक माह की सूची बनवा कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा।


उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या : EL-C-PRYJ-09-24-25 दिनांक : 19.09.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक 14.10.2024 समय 15:30 बजे** तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत् हैं -

प्रकाशित कार्य की लागत (रू0 में) : 21,41,84,910.71/- | बोली प्रतिभूति (रू0 में) : 12,20,900/-

कार्य का नाम : डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग एण्ड कमीशनिंग ऑफ 220/132 के0वी0 ग्रिड सब-स्टेशन नियर फतेहपुर ओवर प्रयागराज डिवीजन ऑफ नार्थ सेंट्रल रेलवे।

कार्य अवधि : 18 माह | निविदा खुलने की तिथि : 14.10.2024

नोट :- (1) उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध हैं। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड सवीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरो को चाहिए कि वे अपने आपको Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइड पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइड की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1676/24 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062